[श्री शंकर दयाल सिंह]

प्रसारण मंत्री महोदय इसके लिए निश्चित रूप से कोई उपाय लेंगे और सदन में भी इस संबंध में एक वक्तव्य देंगे ।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इनके साथ अपने को संबद्ध करता हूं और मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है, इस पर गंभीरता से विचार करके उचित निर्णय करना चाहिए ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल): मैं भी दूरदर्शन के कार्यक्रमों की गुणवत्ता को सुधारने के लिए इनके साथ ऐसोसिएट करती हूं ।

THE BHOPAL GAS LEAK DISASTER (PROCESSING OF QLAIMS) AMENDMENT BILL, 1992—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Shrimati Sarala Maheshwari to continue her speech.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): Where is the concerned Minister?

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मंत्री जी कहां है ?

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): He is coming.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): He was here all through.

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : चिंता मोहन जी को इसकी चिंता नहीं है ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : चिंता मोहन जी की चिंता आप क्यों कर रही हैं ? . . . (व्यवधान) . . आप क्यों चिंता कर रही हैं चिंता मोहन जी की ?

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : जो सरकार चलाते हैं उनको ज्यादा चिंता होनी चाहिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : यह भी आ जाता है टाइम वेस्ट करने में ।

श्री शंकर दयाल सिंह : मैंने जो इतना बढ़िया सब्जेक्ट रखा, उस पर लोगों को बोलने देते जब चिंता मोहन जी नहीं हैं ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : भोपाल गैस विभिषिका (दावा कार्रवाई) संशोधन विधेयक, 1992 पर अपनी चर्चा की शुरुआत करते हुए मैंने यह कहा था कि भोपाल गैस विभिषिका हिरोशिमा नागासाकी के बाद दुनियां की सबसे बड़ी त्रासदी थी । एक ऐसी घटना जिसने एक झटके में लाखों की जिन्दगी को तबाह कर दिया था और इसीलिए भोपाल की इस विभिषिका को माननीय न्यायमूर्ति श्री कृष्ण अय्यर व इसे भोपोशिमा की संज्ञा दी थी । उपसभाध्यक्ष महोदय, उनकी यह टिप्पणी अकारण नहीं थी । उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय न्यायधीश महोदय ने जब इसे भोपोशिमा की संज्ञा दी थी तो उन्होंने भोपाल त्रासदी के तीन वर्षों बाद इस त्रासदी के कुत्सित परिणामों को देखा था । महोदय, इस त्रासदी में एक झटके में सिर्फ लाखों जिन्दगियां ही तबाह नहीं हुई, बल्कि इसने हमारे सामने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दोहन कार्य रूप को भी उजागर किया और इसके साथ ही इस पूरे घटनाक्रम ने हमारे सामने राज सत्ता के पूंजीवादी, साम्राज्यवादी चरित्र को भी उजागर कर दिया ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि भोपाल की यह घटना 1984 में घटी । दो दिसम्बर को, मध्य रात्रि में जब पूरा भोपाल गहरी नींद में सोया हुआ था, उसी समय युनियन कार्बाइड के कारखाने से अचानक 40 टन जहरीली गैस का रिसाव हुआ और देखते ही देखते इस मिथाइल आइसो-सायनाइड गैस ने 3700 लोगों को हमेशा के लिए गहरी नींद में सुला दिया। हजारों की आंखों की रोशनी छीनली, हजारों लोगों को असाध्य दमें की बीमारी से आक्रांत कर दिया, असंख्य

लोगों को आंख या फेफड़े की बीमारी हो गई, असंख्य मवेशी मारे गए । महोदय, मौत के इस फैलते हुए साये से बचकर जिन लोगों ने भागने की कोशिश की, उन लोगों को अपनी जीवन भर की कमाई से हाथ धोना पड़ा । देखते ही देखते दो और तीन दिसम्बर को पूरे भोपाल शहर ने एक महा श्मशान का रूप ले लिया । सात लाख की विशाल गरीब लोगों की बस्ती श्मशान में बदल गई । महोदय, उस घटना को आज साढे सात वर्ष बीत चुके हैं । आज तक हम इससे प्रभावित लोगों के पुनर्वास की कोई मुकम्मिल व्यवस्था नहीं कर पाए हैं । और इस भयावह दुर्घटना से हमें जो सबक लेना चाहिए था उस दिशा में भी हमने कोई काम नहीं किया है । अपराधियों को पकड़ने की दिशा में भी हम आज तक कोई काम नहीं कर पाए हैं ।

महोदय, हिरोशिमा नागासाकी की इस घटना के बाद वहां के नागरिकों ने मनुष्यता को चेतावनी दी थी कि इस तरह की गलती फिर से नहीं दोहराई जाए । लेकिन माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि हमने न तो गलती की शिनाख्त की और जब गलती की शिनाख्त ही नहीं की तो इससे सबक लेना और चेतावनी देना तो काफी दूर की बात है । आज भी हम उन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सामने याचक की मुद्रा में खड़े हैं और उनसे विनती कर रहे हैं कि—आइये, हमारा आर्थिक उद्धार करिए । महोदय, 1984 में जब यह घटना सबसे पहले घटी तो देश भर में जबर्दस्त आक्रोश और गुस्से की लहर फैली थी । एक ऐसी जहरीली गैस का इस भयावह तरीके से इस्तेमाल एक इतना बड़ा अपराध था, जिसकी कोई क्षमा नहीं हो सकती ।

महोदय, उस काल में जनता के गुस्से और आक्रोश के साथ ही यूनियन कार्बाईड के प्रबंधकों को अपराधी के कटघरे में ठहराते हुए कई दीवानी और फौजदारी मुकदमे दायर किए गए ।

4.00 P.M.

उस समय कानूनी प्रक्रियाओं की इन व्यापक जटिलताओं को देखते हुए और इस बात को देखते हुए कि जब इतने सारे मुकदमे इतने लोगों ने किए हैं तो मुआवजा किस तरह मिलेगा और मिलेगा तो उचित मुआवजा मिलेगा या नहीं और इसमें समय भी काफी लगेगा, इस को देखते हुए भारत सरकार ने एक पेशकश की और मार्च 1985 में भोपाल गैस विभीषिका दावा कार्यवाही विधेयक लाया गया ।

महोदय, इस विधेयक का उद्देश्य था कि यूनियन कार्बाइड पर इस भयावह दुर्घटना के लिए हरजाना वसूल करने के लिए अनेक लोगों द्वारा चलाए जा रहे मुकदमों के बजाय तमाम गैस पीड़ितों की तरफ से अकेले भारत सरकार ही मुकदमा चलाएगी और इस प्रकार गैस त्रासदी से पीड़ित लोगों के लिए सिर्फ भारत सरकार ने अपने आपको तमाम अधिकारों से लैस कर दिया कि वही एकमात्र संस्था होगी जो गैस पीड़ितों की तरफ से मुकदमा लड़ेगी ।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, उस समय यह दलील दी गई थी कि ऐसा करने से एक ओर जहां यूनियन कार्बाइड से उचित मुआवजा वसूल किया जा सकेगा इसके साथ ही जल्दी से जल्दी मुआवजा वसूल करके गैस पीड़ितों के बीच में उसका समुचित रूप में आवंटन हो सकेगा । महोदय, 1985 के उस अधिनियम के बाद भारत सरकार बनाम यूनियन कार्बाइड के बीच मुकदमा शुरू हुआ । पहले यह मुकदमा न्यूयार्क में चलाया गया लेकिन बाद में इस घटनाक्रम में मुकदमे को वापस भारत ले आया गया । इसी मुकदमे पर 14 फरवरी, 1989 को सुप्रीम कोर्ट ने अपना एक फैसला सुनाया सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले के लिए यूनियन कार्बाइड को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर 47 करोड़ डालर के हरजाने का दंड दिया । महोदय, अपने इस फैसले में आश्चर्यजनक ढंग से सुप्रीम कोर्ट ने यूनियन कार्बाइड को तमाम दीवानी और फौजदारी मुकदमों से भी बरी कर दिया । सुप्रीम कोर्ट के अचानक इस फैसले के विरुद्ध तमाम अखबारों में प्रतिक्रियाएं छपीं और हमारे देश की जनता में भी एक गुस्से की लहर फैली कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का आखि

[श्रीमती सरला मोहञ्जरी]

क्या कारण है ? कैसे सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर पहुंचा ।

उपाध्यक्ष महोदय, बाद में यह देखा गया कि असल में यह कोई फैसला ही नहीं था । असल में भारत सरकार और यूनियन कार्बाइड के बीच में एक समझौता हुआ था और सुप्रीम कोर्ट ने उस समझौते पर अपनी मोहर लगा दी । महोदय, इस मामले से जुड़े हुए तमाम कानूनी पक्षों की अवहेलना की गई । दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी के ऊपर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया, उस फैसले ने हमारे देश के दीवानी कानूनों को आगे बढ़ाने में कोई योगदान नहीं दिया । इस संबंध में लॉ ऑफ टार्टस के तमाम उसूलों की उपेक्षा की गई । देश के तमाम अखबारों में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के विरुद्ध संपादकीय टिप्पणियां छपीं और महोदय, उसी समय बौखलाकर न्यायमूर्ति वैंकटरम्मया ने यह कहा, मैं उनको उद्धृत करना चाहूंगी । उन्होंने यह कहा कि—"मैं संविधान पीठ से हटने के लिए तैयार हूं ।

महोदय, 14 फरवरी को फैसला सुनाया गया और 3 मार्च को मुख्य न्यायाधीश आर० एम० पाटक यह कहते हुये पाये गये कि—"यदि कुछ गलत हुआ है तो हम खुशी-खुशी उसमें सुधार कर लेंगे" ।

महोदय, हर दिशा में यही सवाल उठ रहा था कि आखिर सुप्रीम कोर्ट 47 करोड़ डालर की इस राशि पर कैसे पहुंचा लेकिन सुप्रीम कोर्ट के पास इसका कोई जवाब नहीं था । न्यायमूर्ति वैंकटरम्मैया ने सिर्फ इतना ही कहा, मैं उनको उद्धृत करती हूं—
"हम कैसे इस अंत तक पहुंचे, इसका हमने कोई कारण नहीं बताया है लेकिन यदि कोई इस मामले में इतिहास को देखे तो यह साफ हो जाएगा कि हमने जो किया वह उचित था । हमने अपनी मन-मर्जी से कुछ भी नहीं किया है" ।

उपाध्यक्ष महोदय, हम सभी जानते हैं कि भारत सरकार ने जिस वक्त सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया था उस समय उसने यूनियन कार्बाइड पर 300 करोड़ डालर का मुकदमा दायर किया था ।

यानी 3900 करोड़ रुपये । महोदय, जाहिर है कि सब के मन में यह सवाल उठा कि आखिर यह 300 करोड़ डालर की राशि 1989 में 50 करोड़ डालर तक कैसे पहुंच गई ? सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार ने यह कहा कि अगर यूनियन कारबाइड 50 करोड़ देता है तो हमारा काम चल जाएगा । सवाल यह है कि इसका आधार क्या था 300 करोड़ डालर की राशि को 50 करोड़ डालर में बदलने का क्या आधार था ? 1985 के अधिनियम से भारत सरकार भोपाल गैस त्रासदी की एकमात्र प्रतिनिधि बनी थी । संसद ने उसको यह सोचकर अधिकार दिया था कि भारत सरकार इन तमाम गैस पीड़ितों की तरफ से लड़ेगी और उन्हें न्याय दिलाएगी । लेकिन हुआ इसका उल्टा । राष्ट्र को बिना विश्वास में लिए हुए एक झटके में हर्जाने की राशि को 300 करोड़ डालर से कम करके 50 करोड़ डालर कर दिया गया ।

महोदय, हर कोई यह जानता है कि यदि अमरीकी कानूनों के अनुसार यह मुकदमा लड़ा जाता तो यूनियन कारबाइड को इससे पांच सौ गुना ज्यादा हर्जाना देना पड़ता । अमरीका इस बात का गवाह है कि वहां पर कई बहु-राष्ट्रीय कंपनियां हर्जाना भरने के चलते दिवालिया हो गई । इस त्रासदी से पीड़ित लोगों की सहायता करने की जो सदाशयता भारत सरकार न दिखाई थी उसका अंत यह हुआ कि जो तमाम गैस पीड़ित लोग हैं वे अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं । दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी के बाद एक सरकार द्वारा अपने लोगों को ठगने की और एक विदेशी कंपनी के पक्ष में काम करने की यह अनोखी घटना थी, इसकी नजीर इतिहास में नहीं मिलती ।

महोदय, जिस समय सरकार ने अपने दावे की राशि को कम किया उस समय भी इस राशि से हुए नुकसान का सर्वेक्षण तक नहीं हुआ था कि कितने लोग किस प्रकार के रोगों से ग्रसित हुए हैं, उनको सामान्य

जिंदगी में लौटने के लिए कौन कौन से कदम उठाने पड़ेंगे । इनके बारे में रिपोर्ट अभी तक तैयार नहीं हुई है । तो सवाल यह है कि उस समय हमारी सरकार कैसे इस निर्णय पर पहुंची ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Pleass conclude.

SHRIMATI SARALA MAHESHWARI: Please give me five minutes more.

THE ' VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA); Try to conclude within two minutes.

श्रीमती सरला माहेश्वरी : लेकिन अंत में नतीजा यह निकला । सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में जो आदेश जारी किया उसमें सिर्फ मैं यह कहना चाहती हूं कि भारत सरकार ने जिस तरह से यह निर्णय लिया उसका कोई आधार नहीं था । भारत सरकार ने 1985 में भोपाल स्कीम तैयार की । उस स्कीम में 15 श्रेणियां निर्धारित की गई थीं । लेकिन हमने देखा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला होते होते 15 श्रेणियों में से 8 श्रेणियों को ही लिया गया बाकी 7 श्रेणियों को छोड़ दिया गया । कहने का तात्पर्य यह है कि भोपाल स्कीम के पीछे कोई वैज्ञानिक और तर्कसंगत दृष्टिकोण काम नहीं कर रहा था । सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर्जाने के लिए हमारी सरकार ने निर्देशक नीति तैयार की । इन निर्देशक नीतियों में त्रासदी से पीड़ित लोगों को श्रेणीवार हर्जाने की राशि के बारे में निर्देश दिए थे । इन निर्देशक नीतियों में क्या-क्या कहा गया है उसका सब ने उल्लेख किया है । मैं केवल यह कहना चाहूंगी कि ये जो निर्देशक नीतियां तैयार की गई जिस तरह से इनका विभाजन किया गया है वह बहुत ही गलत तरीके से किया गया है । अगर आप देखें तो इन निर्देशक नीतियों के अनुसार इस त्रासदी में मारे गए लोगों के वंशजों को एक लाख से तीन लाख तक मुआवजा दिया जाएगा । जो आंशिक रूप से पंगु है उन्हें 50 हजार से दो लाख तक का मुआवजा दिया जाएगा । तो अस्थाई तौर पर या आंशितक तौर पर पगु है उन्हें 50 हजार से एक लाख तक मुआवजा दिया जाएगा । जो इस केटेगरी में नहीं आते उनको केटेगरी में लाने का अधिकार भोपाल के कल्याण आयुक्त को दिया गया है । मैं जिस बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं वह यह है कि सरकार का कहना है कि रिजर्व बैंक में 1400 करोड़ रुपए पड़े हैं कानूनी बाधाओं के चलते । इन रुपयों को भोपाल के गैस पीड़ितों में बांटा नहीं जा सका है । मैं यह भी कहना चाहती हूं कि इस भोपाल गैस त्रासदी के साथ यह भी एक त्रासदी है । उस त्रासदी के साढ़े सात वर्षों के बाद सरकार अभी तक कानूनी प्रक्रियाएं ठीक कर रही हैं । अभी तक कानूनी प्रक्रियायें ठीक नहीं हो पाई हैं । मैं यह भी कहना चाहती हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश में दीवानी और फौजदारी मामलों में यूनियन कार्बाइड को मुक्त कर दिया गया था । लेकिन 3 अक्तूबर 91 को फिर दूसरा आदेश दिया और इस बात के लिए अनुमति दी कि यूनियन कार्बाइड के विरुद्ध दीवानी और फौजदारी मुकदमें किए जा सकते हैं । सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद यूनियन कार्बाइड के विरुद्ध वे पुराने मुकदमें जो कि छोड दिए गए थे फिर से शुरू हो गए । भोपाल के जज ने यह आदेश दिया, सम्मान जारी किया कि यूनियन कार्बाइड के पूर्व अध्यक्ष एंडर्सन को लाया जाए भारत की आदलत में खडा किया जाए । लेकिन आज तक एंडर्सन को गिरफ्तार नहीं किया जा सका । आखिर इसका क्या कारण है ? भारत सरकार क्यों इस बात में ढिलाई बरत रही है यह समझ में नहीं आ रहा है । हालांकि हमारे माननीय मंत्री जी ने इस सदन में कहा था कि सी०बी०आई० काम कर रही है सी०बी०आई० जांच कर रही है।

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता (मध्य प्रदेश) : एंडर्सन को गिरफ्तार करके भी छोड दिया गया ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : यह सब को मालूम है । आखिर क्या कारण है कि पहले यहां पर आए और फिर भारत से

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

भाग गए । उनको पकड़कर भारत की अदालत में क्यों नहीं लाया जा सका ? जबकि पहले न्यूयार्क में मुकदमा चला तो उस समय न्यूयार्क के जज दीनन ने कहा कि न्यूयार्क उनके लिए उचित मंच नहीं है । यूनियन कार्बाइड को चाहिए कि वह भारत में जा कर सफाई दे । लेकिन शर्म की बात है कि इस घटना के साढे सात वर्ष बाद भी मुकदमें चल रहे हैं लेकिन अपराधी छुट्टे घूम रहे हैं । अपराधी को आज तक सामने नहीं लाया जा सका ।

इसके साथ-साथ एक बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि किस तरह डाक्टरी सर्वेक्षण में धांधली चल रही है । डाक्टरी सर्वेक्षणों के लिए जो बुनियादी प्राथमिकतायें होनी चाहिएं कि उनका किस तरह से वर्गीकरण किया जाए या दूसरी प्राथमिकतायें हैं उनको ध्यान में नहीं रखा जा रहा है । इंडियन कौंसिल आफ मेडिकल रिसर्च ने भोपाल गैस विभीषका के बाद एम.आई.सी. गैस के प्रभाव का अध्ययन किया था उस अध्ययन से पता चलता है कि एम.आई.सी. गैस आदमी के शरीर के रक्त में घुल जाती है और रक्त में घुल जाने के बाद उसका स्थायी प्रभाव किन-किन रूपों में प्रकट होगा इसके बारे में आज तक अध्ययन हो रहा है । कई समाज शास्त्रियों ने इस पर अध्ययन किया है । लेकिन हमारी सरकार ने आई.सी.एम.आर. की रिपोर्ट को दबा दिया है । आई.सी.एम.आर. की यह रिपोर्ट चौकाने वाली है । भोपाल में गर्भपात के जो आंकड़े थे प्रति एक हजार में से पहले 32.17 महिलाओं का गर्भपात हो जाया करता था लेकिन इस विभीषक के बाद यह आंकड़े 370.96 तक पहुंच गए हैं । यानी एक हजार में से 373 तक पहुच गए हैं । लेकिन सरकार जिस तरह से इससे सुलझ रही है, जिस तरह से कैटेगराइजेशन किया जा रहा है वह भोपाल गैस पीड़ितों के प्रति बहुत ही अन्यायपूर्ण है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमन्तप्पा) : आपका मांगा हुआ टाइम भी खत्म हो गया ।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मैं यह कहना चाहूंगी कि वहां पर डाक्टरी सर्वेक्षण बिल्कुल भेड़िया धसान तरीके से किया जा रहा है । पलमोनरी फंक्शन की जांच, आंखों की जांच के लिए औरतों को जिन विभिन्न जांच से गुजरना आवश्यक है वे जांच परीक्षण उन पर नहीं किए जा रहे हैं । 6 लाख से अधिक लोगों द्वारा दावे किए जाने के बाद उसमें से सिर्फ तीन लाख लोगों का डाक्टरी परीक्षण किया गया है । तीन लाख लोगों के डाक्टरी परीक्षण के बाद सरकार उनसे जिस तरह से सुलट रही है उनसे यह कहा जा रहा है कि एक लाख से ज्यादा लोग हरजाने के लायक नहीं हैं ।

22955 लोगों को अस्थायी नुकसान पहुंचा है और सिर्फ 40 लोग स्थायी रूप से अपंग हुए हैं । इतना बडा हादसा हुआ और जिस मिक गैस से लाखों लोग प्रभावित हुए, जो आज काम करने की स्थिति में नहीं हैं, विभिन्न तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन हमारी सरकार चलताऊ ढंग से डाक्टरी परीक्षण कर रही है । सरकार का अगर यही तरीका रहा और काम करने की यही प्रगति रही तो मैं कहना चाहूंगी कि भोपाल गैस पीड़ितों के भाग में आगे न जाने कितनी और तकलीफें और दुख भरे हुए हैं । यह मामला बहुत गम्भीर मामला है । जहां हमें इस त्रासदी का महामारीमूलक ढंग से अध्ययन करके इसके गम्भीर परिणामों को सोचना चाहिए, वहां आगे के लिए हम सबक ले सकें, इस पर भी विचार करना चाहिए । भोपाल गैस त्रासदी से हमारे जैसे देश को एक बहुत बड़ा सबक लेना चाहिए क्योंकि यह हमारे जैसे विकासशील देश और तीसरी दुनिया के देशों का विकसित देशों के साथ आर्थिक सम्बंधों के सवाल के साथ जुड़ा हुआ है । वे विकसित देश जो विकासशील देशों को अपने विकास का कूड़ादान समझते हैं, वह विकसित देश जो हमारे जैसे देशों के श्रम का और सस्ते श्रम का दोहन करते हैं, शोषण करते हैं, जो अपने देश की ठुकराई हुई तकनीकी और अपने देश की ठुकराई हुई दवाओं को हमारे देश में लाते हैं, वे समझते हैं कि हमारे देश कूड़ादान है जहां हम अपनी चीजों का परीक्षण कर सकते हैं । हमारी सरकार

विकास की गलत अवधारणा के नाम पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अनुमति देती है। इसलिए मैं यह कहना चाहूंगी कि यूनियन कारबाइड की इस विभीषिका से भारत जैसे देश को एक बहुत बड़ा सबक लेना चाहिए और भारत सरकार को भविष्य के लिए सबक लेते हुए बहुराष्ट्रीय संस्थाओं से हमारे संबंध किस तरह के होने चाहिएं और अगर उनको हमारे देश में अनुमति दी जाती है तो हमें कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए, यह सोचना चाहिए। जिस तरह से हमारे वित्त मंत्री ने कहा है कि आओ रानी, हम ढोएंगे पालकी, यह पालकी ढोने की प्रथा अगर जारी रही तो हम बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कब्जे से मुक्त नहीं हो पायेंगे। अगर इस तरह की घटनायें होती रही तो मानवता हमें कभी माफ नहीं करेगी। इसलिए अंत में यह निवेदन करना चाहूंगी कि भोपाल गैस पीड़ित के मुआवजे के काम को जल्दी से जल्दी सुलझाया जाय और सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिए है, अब तक उस दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि 40 अदालतों का गठन किया जाय, लेकिन अभी तक सिर्फ 17 अदालतें ही बनी हैं और सिर्फ चार हजार मुकदमें ही सुलझाए जा सके है। यह बड़ी निराशाजनक प्रगति है। हर वर्ष भोपाल के गैस पीड़ित दिल्ली में आते है और सत्ता के दरवाजे खटखटाते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं होती है। इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि यह जो संशोधन लाया गया है इसके जरिए भोपाल के कल्याण आयुक्त को जो अतिरिक्त अधिकार दिए गए हैं, जो दीवानी अदालत के अधिकार दिए गए हैं उनके अनुरूप काम किया जाय और भोपाल गैस पीड़ितों की उचित रूप से डाक्टरी जांच करवाई जाय और मानवीय दृष्टि से इस मामले को देखा जाय। आपने मुझे जो समय दिया उसके लिए आभारी हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमन्तप्पा): मैंने नहीं दिया।

I am sorry. Parliamentary Debates also requir$_e$ $_s$onie discipline. Otherwise, what is the use? And I request the Members to concise their speeches to the allotted time. Otherwise, what is the use of keeping the bell and ringing it if it is not respected?

SHRI B. K. HARIPRASAD (Karnataka): Thank you, Mr. Vice-Chairmen, Sir. I support th$_e$ Bhopal Gas Leak Disaster (Processing of Claims) Amendment Bill, 1992. Ther$_e$ i$_s$ no doubt that a great deal is being done to mitigate the suffering of this colossal disaster, the full implications of ch are now- being fully realised. The need of the hour is to organise health and medical services of high order so that the victims are provides tb$_e$ facilities at their door-step. This is $^+$he least that needs to be done to pay for our mistakes in plannincr and setting up of Such a dangerous chemical factory in the heart of the city of Bhopal. It is high time now that an entire research programme was undertaken by the State and the Central Government agencie$_s$ concerning th$_e$ impact of the toxic emission from th$_e$ Union Carbide plant on life system including the human bod'^{17} with th$_e$ primary objective of formu lating for detoxification and preventing further long term health damage to the victims.

Sir, there ar$_e$ apprehensions that the Government has not supported the efforts from the voluntary organisations but continued its attempt to hide the magnitude of the tragedy in Bhopal. In addition to correcting the problem of fast rehabilitation effort, the Bhopal Commission must also redirect th$_e$ past emphasis on individual recovery through Government support. The Bhopal Commission must give priority to community recovery through support from the voluntary sector. Towards this end, the Commission must encourage victim $^+$icipation in decision-making and must be answerable to the victims' feedback. The combined efforts o$^?$ the Bhopal Commission and the voluntary sector must be restoration of community control. The Government of India must set-up an idnependent

[Shri B. K. Hariprasad]

body on Bhopal gas disaster to implement the programmes for health monitoring and' care for economic rehabilitation and for provision of houing. The commission or the body must be composed of reputable persons, representatives from the State and the Central Governments and of gas victims. The purpose of commission or body is to correct the problems which have impeded the fast rehabilitation efforts. Further, due to long term consequences! of the Bhopal disiaster, it is important that there be a permanent evaluatory and administrative body that is uninterrupted by the various priorities, of a specific Government. The commission will also coordinate the dispersal of responsibilities between the Government of India and the Government of Madhya Pradesh. The scope of the commission must adopt to the changing need's in Bhopal, particularly the onset of new diseases and other long term effects. The scope of the commission must include assumption of responsibility for the following. Health care monitoring: Recent Governmental and the non-Governmental studies on health status of Bhopal gas victims have established that a significant majority of the gas-affected population continues to suffer from gas-related diseases. "While the gas victims are suffering and waiting in long queues at the hospitals everyday, the line of treatment administered to them continues to be symptomatic as it was in the immediate aftermath of the disaster. Over twenty resejarch projects sponsored by the ICMR on the medical aspects in Bhopal have failed to generate information that could lead to the evaluation of the proper line of treatment for the gas-affected people and it appe'ars that the search for the cure has been abandoned. Much before making serious efforts on this count, given such a situation, the national commission needs to address itself to the issues of medical relief with the urgency it deserves. The following tasks need to be carried out by the Commission. Reorganising the entire research programme undertaken bj the State and the Central Government agencies concerning the impad of the toxic emission from the Union Carbide plant on life system including the human body with the primary objective of formulating an effective strategy for detoxification and prevention of further long term health damage to the victims, Devising a scientific system of medical record-keeping and ensuring its implementation . Redesigning medical documentation and formulate a long term policy of monitoring the health status of the victims and ensuring the community-based iapprta-ach to the medical relief of gas victime in place of hospital-based system whose inadequacies are now being felt.

Sir, with this I request the hon. Minister to consider some of my requests and I support this Bill. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Thank you, Mr. Hariprasad. Mr. Lather.

श्री महेन्द्र सिंह लाठर (हरियाणा) : सर, यह एक ऐसा बिल सरकार ने पार्लियामेंट में पेश किया है जिसका न तो विरोध किया जा सकता है और ना ही सरकार को बधाई दी जा सकती है। सर, 1985 में यह ओरजीनल बिल पास हुआ था और सात साल सरकार को लग गये, यह देखने में कि इस बिल के अंदर खटियां रह गयीं हैं, कमियां रह गयी हैं और उन कमियों को दूर करने के लिये अब यह बिल पेश किया गया है। मैं इसके ओब्जेक्टस एंड रीजंस पढ़ रहा था, उसमें यह लिखा है :—

"The Bhopjal Gas Leak Disaster (Processing of Claims) Act, i 1985 confers certain powers on the Central Government to secure that claims arising out of, or connected therewith, the Bhopal Gas Leak Disaster are dealt with speedily, effectively, equitably and to the best advantage of the claimants and ^ for matters incidental thereto."

इन बातों में से कोई भी बात ऐसी नहीं है जो अब तक पूरी हुई हो या आगे पूरी होने जा रही हो। मैं जब ला पढ़ा करता था तो उसमें कार्डिनल प्रिंसिपल आफ ला पढ़ा–जस्टिस डिलेड, जस्टिस डिनाइड। मैं समझता हूं कि इससे बड़ी मिसाल उस कार्डिनल प्रिंसिपल की नहीं मिल सकती। यह नहीं कि आठ साल का अरसा बहुत लम्बा हो गया और जस्टिस डिले हो गया, हमारे देश में दुर्भाग्य से लिटीगेशन और इन्साफ मिलने में 15–15 साल लग जाते हैं और मुकदमें अदालतों में पड़े रहते हैं। 20–20 साल अपीलें हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पड़ी रहती हैं। किसी भी सरकार ने अपने इस ज्युडिशियल सिस्टम की रिव्यू करने या नजरसानी करने की अभी तक कोशिश नहीं की कि इतना लम्बा अरसा इन्साफ मिलने में क्यों लगता है। इन्साफ के लिए लोगों को अदालतों में धक्के खाने पड़ते हैं। लड़ाई लड़ते लड़ते मर जाते हैं, उनके वारिस भी मर जाते हैं, बहुत सारे मुकदमें वैसे ही खत्म हो जाते हैं। मैं समझता हूं सरकार को इन्साफ दिलाने के इस सिस्टम पर नजरसानी करनी चाहिये। इस पर दोबारा से गौर करना चाहिये ताकि उन लोगों को इन्साफ जल्द से जल्द मिल सके।

यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इतनी भयानक, दर्दनाक घटना 8 साल पहले घटी जिसके अन्दर हजारों लोग मारे गये। हजारों औरतें, बच्चे, आदमी अन्धे और अपाहिज हो गये। अभी जैसे मेरी बहन सरला जी कह रही थीं कि जो गर्भ में बच्चे थे उन पर गैस का असर पड़ा। लेकिन हम अभी तक कुछ भी नहीं कर पाए हैं न तो हम मुलजिमों को सजा दे पाए जिनकी क्रिमिनल नेग्लीजेंस की वजह से यह भयानक दुर्घटना हुई और न ही हम पीड़ित लोगों को सहायता प्रदान कर सके। यह लोग अभी तक दिल्ली की ओर देख रहे हैं कि शायद यह सरकार सोते सोते जागे और हमारी कुछ मदद कर सके। अभी अग्रवाल साहब ने और इन्होंने भी कहा कि यूनियन कारबाइड के चेयरमैन को क्यों नहीं गिरफ्तार किया जा रहा है। यह मामला सब माननीय सदस्यों ने उठाया, पचौरी जी ने और श्रीमती जयन्ती नटराजन जी ने भी कहा, मैं भी सरकार से मांग करता हूं, मंत्री महोदय यहां पर बैठे हुए हैं जबकि मेन एक्युज को पकड़ लिया गया, दो तीन घंटे तक डिटेन किया गया तो फिर उनको क्यों छोड़ा गया? किस अथार्टी के हुक्म से उनको छोड़ा गया? सब से अधिक दुख की बात यह है कि उसको दिल्ली ले जाने के लिए सरकारी हवाई जहाज प्रोवाइड किया गया This is a thing which must be inquired into and the finling must be reported to the House. किस अथार्टी ने मेन मुलजिम को सरकारी हवाई जहाज दिया ताकि वहां से भाग कर वह दिल्ली आ सके और अमरीका जा सके? कैसे उसको गिरफ्तार करेंगे? अमरीका के साथ हमारी एक्सट्रेडीशन ट्रीटी नहीं है। कौन से इंटरनेशनल ला के तहत हम उसको यहां ला सकते हैं? मैं समझता हूं झूठा विश्वास सरकार सब को दे रही है कि हम मुलजिमों को पकड़ेंगे, सजायें देंगे लेकिन ऐसा कुछ भी होने वाला नहीं है। मैं हैरान होता हूं कि इतना नुक्सान होते हुए भी अभी परसों के अखबार में "टाइम्स आफ इंडिया" में मैंने पढ़ा कि एक केमिकल इंडस्ट्री में गैस लीक होने से दो मजदूर मारे गये। यह परसों के अखबार में है। जगह भी मैं बताना चाहता हूं कि हलवाड़ा है जो 11 किलोमीटर देहरादून से है। ऐसी घटनाएं अब भी घट रही हैं। लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है। सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है। मैंने अखबार में मंत्री महोदय का लोकसभा का जवाब पढ़ा। वहां पर भी यह मामला उठाया गया था कि सरकार आगे ऐसी दुर्घटनाएं न हों इसके लिए क्या कर रही है। तो मंत्री महोदय ने कहा कि हमने गाइडलाइन्स इश्यू की है। मैं पूछना चाहता हूं सरकार से कि क्या गाइड लाइन्स इश्यू करने से ये घटनाएं रोकी जा सकती हैं। इसके लिए सरकार को क्या कोई स्ट्रिन्जेंट एक्ट नहीं बनाना चाहिए? कोई ऐसा एक्ट नहीं बनाना चाहिए जिससे कि उनकी सिर्फ सिविल लायेबिलिटी ही न हो बल्कि उनकी

[श्री महेंद्र सिंह लाठर]

क्रिमिनल लायेबिलिटी भी बन जाए। उनको सजा दिलायी जा सके। लेकिन सरकार मैं समझता हूं कि खाली गाइड-लाइन्स इश्यू कर रही है जिसका कोई मतलब नहीं है। इसके लिए एक कम्प्रीहेंसिव बिल यहां पर लाना चाहिए। ऐसा कम्प्रीहेंसिव नहीं जो कि पहले लाया गया था। मैं तो हैरान होता हूं कि उसमें जो त्रुटियां रह गयी थीं अब इसमें स्टेटमेंट आफ आब्जेक्टस के पैरा दो में कहा जाता है कि :

The Commissioner for the welfare of the victims is the most important Person. He is the person in-charge of giving relief to the victims. And why waa this fact not taken into consideration by the Draftsmen of that Bill?

जितने बिल यहां पर पेश किये जाते हैं उतने कैबिनेट पेश किये जाते हैं जबकि हाउसेज के अंदर बिल को पेश करने के लिए उसके सब पहलुओं पर गौर करना चाहिए। उसको हर प्रकार से परख लेना चाहिए कि क्या क्या इसकी जरूरत है, क्या क्या हमें इसके लिए करना चाहिए। तब वह बिल आना चाहिए। मोटी सी बात है जो क्वासी जुडीशियल ट्रिब्यूनल बनाये गये थे अगर उनके पास अदालत के जज के अख्तियारात नहीं होंगे, अगर वे गवाह नहीं बुला सकेंगे, अगर डाक्युमेंट्स तलब करना चाहते हैं और उनको सम्मन नहीं कर सकते, अगर कोई आदमी उनकी हुक्म-उदूली करे और उस पर कन्टेम्प्ट करके सजा नहीं कर सकते तो कोई भी कोर्ट काम नहीं कर सकती। यह एलीमेंट्री बात थी लेकिन 1985 में जब यह बिल लाया गया तब किसी ने इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। 7 साल के बाद आंखें खुली कि ये जो क्वासी जुडीशियल कोर्टस हैं, ये बेमानी हो जाएंगे, कोई अफसर इनका हुक्म नहीं मानेगा। कोई डाक्युमेंट पेश नहीं करेगा, कुछ नहीं होगा। मैं समझता हूं कि आगे से कम से कम सरकार जो भी बिल लाती उसको उसके हर पहलू पर गौर करना चाहिए।

इस बिल के अंदर एक और उम्मीद मैं आपसे कर रहा था जैसे आप इसमें अमेंडमेंट लाए हैं। जो हमारा सिविल प्रोसीजर है, जो क्रिमिनल प्रोसीजर है, जो हमारे रुल्स हैं मुकदमे चलाने के अदालतों के अंदर उनमें इतना टाइम लग जाता है, इतना लम्बा प्रोग्राम हो जाता है। 8 साल पहले गुजर चुके हैं। मंत्री महोदय, मैं आपको सुझाव देना चाहता हूं कि अब भी वक्त है, आपको ज्यादा समय नहीं लगेगा, इसमें एक अमेंडमेंट और लाकर उन क्वासी जुडीशियल ट्रिब्यूनल्स को समरी ट्रायल्स की पावर्स दे दीजिए, बजाये डे टू डे रुटीन जो कोर्ट वर्क होता है क्योंकि उससे ये मुकदमें और 10 साल खत्म होने वाले नहीं हैं। 6 लाख केसेज हैं, क्लेम्स हैं और सिर्फ 4 हजार का अभी तक फैसला हुआ है। आज सरकार यह क्यों नहीं सोचती कि उन क्वासी जुडीशियरी ट्रिब्यूनल्स को समरी ट्रायल पावर्स दे दी जाएं ताकि ज्यादा लम्बे प्रोसीजर में न पड़कर कानूनी दंगलबाजी में न पड़कर उनको बुलाकर, पार्टीज को बुलाकर जल्द से जल्द उनका निपटारा करके उनको मदद दी जाए। मैं समझता हूं कि यह समरी पावर अब भी सरकार अपने कानून से अमेंडमेंट लाकर दे सकती है। या यह पावर्स कमिश्नर्स को या दूसरे लोगों को देना चाहते हैं तो उसके तहत ये पावर्स दी जा सकती हैं तभी मैं समझता हूं कि उनको कुछ यह राहत मिल सकती है। आगे से यह घटना न घटे इसके लिए जब तक क्रिमिनल लायेबिलिटी उसके ऊपर नहीं लागू की जाएगी—एक सुझाव और देना चाहता हूं मंत्री महोदय को कि जो बीमा कम्पनियां हमारे देश में हैं हम उनका कोई फायदा नहीं उठाते हैं। ये जितनी भी इस किस्म की केमिकल इंडस्ट्रीज हैं जहां पर इस किस्म का खतरा होता है कि किसी केमिकल आइटम से या गैस से नुकसान हो सकता है वहां पर एक तो इंडिवीजुअल जो लेबर काम करता है उसका बीमा होना चाहिए। और दूसरा सामूहिक बीमा होना चाहिए कि अगर ऐसा कोई वाकया हो जाता है, तो उनको इमीजेट रिलीफ बीमा कंपनी से मिल जाए लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसी कोई प्रोवीजन शायद सरकार ने न सोची

और न अभी तक रखी है कि दो किस्म के बीमे होने चाहिए—एक इंडिविज्युअल जोकि वहां पर लोग काम करते हैं और दूसरे सामूहिक और उसके अंदर ऐसी शर्त होनी चाहिए बीमा कंपनी के साथ कि उसमें एमीजेंट रिलीफ भी उनको मिल सके। **(समय की घंटी)** सर, जितनी जल्दी-जल्दी आप घंटी बजा रहे हैं, अगर सरकार इससे आधी, तिहाई भी, दसवां हिस्सा भी कुछ जल्दी करके उनको मदद दे देती तो उन पीड़ित लोगों को आराम मिल जाता। मैं समझता हूं कि यह बहुत बड़ी बात थी।

सर, मैं तो यह कहना चाहूंगा कि तकलीफ की बात है—हमसे लोग पूछते हैं, यहां पार्लियामेंट में आते हैं, बहस करते हैं और कितने अफसोस की बात है कि 21 जुलाई को यह बिल वहां पास हुआ, कितने हम उससे बरीड हैं उनके फ्यूचर से—यह मैं बताना चाहता हूं—21 जुलाई को लोक सभा ने यह बिल पास करके यहां पर भेज दिया और यह बिल तब से हमारे एजेंडे में चला आ रहा है। हर चीज को प्रायर्टी दी गई, हर चीज को प्रेफर किया गया इस एक्ट से, कभी कोई बिल आता है, कभी कोई बिल आता है। छह दिन हमें भी हो गये सब चीज देखते कि यह बिल आज आ जाएगा, आज आ जाएगा । . . . **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : दी गई नहीं, ली गई।

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : ली गई—लेकिन, सर, मैं कह रहा हूं कि अभी वी आर ट्रीटिंग इट सैकिली। यहां पर भी दूसरे आइटम्स, फिजूल के आइटम्स, म्यूनल रायटस, लड़ाई, दंगे-फिसाद के रोज इस हाउस में होते हैं, लेकिन भोपाल गैस लीक का बिल जो है, उसको पीछे-पीछे धकेला जा रहा है।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : आप अभी जल्दी कीजिए ताकि वह पास हो जाए।

श्री महेन्द्र सिंह लाठर : सर, मैं यह कहना चाह रहा था कि इसी तरीके से—अब यह कल भी कहा जा रहा था कि जो भी फैसले थे, सुप्रीम कोर्ट ने डाइरेक्शन दिया। यह भी कहा गया कि जितना हमें मुआवजा मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला।

मैं तो ईमानदारी से कई बार यह सोचता हूं कि जब यह मुकदमा हमारी सरकार ने पहली दफा अमरीका में दायर किया था, अगर यह मुकदमा वहीं रह जाता, वहीं इसका ट्रायल होता, तो क्या यह नहीं हो सकता कि हमें बहुत जल्दी उसका रिलीफ मिलता और उससे जो अमाउंट हमें मिला है, उससे कहीं ज्यादा हमें कंपेनसेशन मिलता, जो रेट आफ कंपेनसेशन अमरीका के अंदर है।

मैं सोचा करता हूं कि वह मुकदमा वहां से शिफ्ट करके यहां लाया गया इस वास्ते ताकि उनको जल्द से जल्द राहत दी जा सके । लेकिन उसके बिल्कुल उलट हुआ । हो सकता है कि अमरीका में जो कोर्ट्स थ, वह इस मसले का जल्दी से जल्दी निपटारा करते और पता नहीं वह कितना अमाउंट हमें उसका दे सकते थे । हमने इसका कोई फायदा नहीं उठाया ।

सुप्रीम कोर्ट ने यह सोच कर एक राजीनामा, कंप्रोमाईज के बेस के ऊपर कि किसी तरह जल्दी इनको पैसा मिल जाए, चार महीने का टाइम दिया था कि चार महीने के अंदर अंदर चालीस ट्रेब्यूनल्स बना दिये जायें, लेकिन वह चार महीने क्या, पता नहीं कितना टाइम गुजर गया और अभी तक चौदह या सतरह कितने बनें, जिनमें से तीन चार छोड कर चले गए, बाकी कुछ आपरेट नहीं कर रहे हैं । जो एपीलेट कोर्ट है, नोबाडी इज बादर्ड, उनको बैठने के लिए बिल्डिंग नहीं मिल रही है, काम करने के लिए अफसर नहीं मिल रहे हैं ।

मैं तो समझता हूं कि यह बहुत बड़ा मजाक है और अगर यह पैसा हम बहुत जल्द उन पीडित लोगों तक नहीं पहुंचा सके, इससे तो यह अच्छा है अगर दस साल और लगने हैं, यह जो अमाऊंट हमारे पास पड़ा है, वह अमाउंट सरदार मनमोहन सिंह के हवाले कर दें—शायद यह देश के किसी और काम आ सके । धन्यवाद ।

श्री मूल चंद मीणा (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष जी, मंत्री महोदय ने भोपाल गैस विभीषिका (दावा कार्यवाही) संशोधन विधेयक, 1992 पेश किया है, मैं इसका समर्थन तो करता हूं, लेकिन मैं अपने कुछ सुझाव और जो आज तक भोपाल के अंदर जैसी त्रासदी हुई थी, उसने सारे विश्व को झकझोर दिया था, वह ऐसी घटना थी ।

उस घटना ने भोपाल के अंदर कई माताओं की गोदें छीन लीं, कई बहिनों की चूड़ियां छीन लीं । यह एक ऐसी घटना हुई कि रात को, शाम के वक्त सोते समय, प्रेम के साथ मनोरंजन करते हुए खुशी खुशी सारे लोग अपने घरों में सोए। यह किसी को पता नहीं था कि काल का एक ऐसा घटनाक्रम होगा कि सुबह हम देखेंगे तो काल के मुंह में हमारे यह लोग काल के ग्रास बने हुए हम पायेंगे । जो लोग इस क्षेत्र में मर गए, वह तो मर गए, मरने के साथ जो इस एरिया के अंदर लोग हैं उनकी स्थिती बड़ी दयनीय है जो लोग गैस से प्रभावित हुए ने और उनको राहत देने की जो बात है, उनको श्रेणियों में बांटा गया है । श्रेणियों में वे लोग कौन सी श्रेणी में आयेंगे जो आज पैदा हो रहे हैं और गैस का प्रभाव उनके ऊपर है ? किसी के नाक नहीं, कान नहीं, हाथ नहीं, पैरे नहीं, लूला है, लगडा है, वह कौनसी श्रेणी में आयेंगे ? जो श्रेणियां का विभाजन किया गया है यह गलत है गैस से पीड़ित लोगों की श्रेणियां नहीं बनाई जाए । जो लोग मर गए हैं वह तो एक श्रेणी में आ जाते हैं, लेकिन जो पीड़ित हैं उनके सारे लोगों की एक ही श्रेणी होनी चाहिए और उनको मुआवजा भी बराबर का दिया जाना चाहिये । साथ ही अब तक 8 साल के अंदर उन गैस पीड़ितों की दयनीय स्थिति की ओर न तो राज्य सरकार ने सोचा है और केंद्र सरकार वे अभी तक सोचा है । कब तक वे लोग राहत राशि के लिए इंतजार करते रहेंगे ? उनमें से कई लोग तो मर जायेंगे और उसके बाद वह राहत राशि उनको मिलेगी । मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा यदि आपकी उनको राहत पहुचानी है तो साढ़े सात वर्ष का जो पीरियड निकला है वह बहुत था । अब तो तुरंत उनको राहत राशि दे देनी चाहिए । राहत राशि के लिए भी जो सिस्टम बनाए गए, जिन लोगों ने उस समय दावे कर दिए थे, जिन लोगों के परीक्षण किए गए, परीक्षण का कार्य तो आज भी उस एरिया के अंदर किया जाए तो वहां पर सारे लोग ही आपको गैस से पीड़ित मिलेंगे । इस प्रकार का एक सर्वेक्षण, एक परीक्षण इंडियन मेडिकल रिसर्च कौंसिल की ओर से किया गया था। उसकी रिपोर्ट है कि 87 परसेंट लोग उस एरिया के गैस से प्रभावित हैं, फिर उनमें से कम संख्या के लोगों को गैस से पीड़ित क्यों माना जा रहा है ? इसलिए सारे लोगों को जो कि गैस से प्रभावित हैं उस एरिया के, उनको राहत की राशि दी जाए । साथ ही मैं कुछ जो सुप्रीम कोर्ट ने अभी निर्णय दिया, निर्देश दिए, चाहे वह राज्य सरकार को दिए, चाहे केंद्रीय सरकार को दिए, उसके बारे में कहना चाहता हूं । सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्देश दिया था कि मुआवजे का निर्धारण करने के लिए जितने भी केसेज हैं, दावे हैं, उनका निस्तारण चार महीने में हो जाना चाहिए और हुआ क्या ? आज तक 6 महीने होने के बाद 3 या 4 हजार केसों का निस्तारण हुआ है । यदि यह प्रक्रिया ऐसी चलती रही तो यह गैस पीडितों के दावों के निस्तारण में ही 15 साल लग जाने हैं । 15 साल के बाद उनको यह तय होगा कि यह राहत राशि दी जाए । उसके बाद उनको राहत राशि देने में भी टाइम लगेगा । इसलिए 20–25 वर्ष पहले इन लोगों को राहत नहीं मिल सकती । दूसरा एक आदेश और सुप्रीम कोर्ट ने किया कि यूनियन कार्बाइड चार माह के भीतर गैस पीडितों के लिए एक चिकित्सालय स्थापित करेगी और राज्य सरकार उसके लिए जमीन उपलब्ध कराएगी । उसको भी 6 महीने हो गए, अब तक राज्य सरकार ने कोई उस एरिया के अंदर, गैस पीड़ित एरिया के अंदर कोई जमीन उपलब्ध नहीं कराई और न ही किसी प्रकार के चिकित्सालय की स्थापना की कार्यवाही वहां पर की गई है । तो क्या राज्य सरकार और

केंद्रीय सरकार उन लोगों की चिकित्सा की व्यवस्था के लिए अलग से अस्पताल की स्थापना नहीं कर सकती ?

जब कि आज हम हर प्रांत के अंदर कई चिकित्सालय, नए चिकित्सालय बनाते हैं । इसके लिए पैसा भी दिया गया, उनके चिकित्सालय के लिए पैसा भी उपलब्ध कराया गया, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट ने उस पैसे का क्या किया ? उस पैसे को दूसरे अस्पतालों में, जो वहां पर कमला नेहरू अस्पताल, जय प्रकाश अस्पताल, काटजू अस्पताल आदि हैं, वहां दे दिया । और, उस पैसे का उपयोग क्या हो रहा है ? यह वहां के कर्मचारियों के वेतन के लिए दिया जा रहा है । गैस पीड़ितों का पैसा वहां इस तरह उपयोग किया जा रहा है । यह अनुचित है और यह गलत है । जिन लोगों की दयनीय स्थिति है, गैस से प्रभावित है, उनके इलाज के लिए दिए गए पैसे का दुरुपयोग वहां हो रहा है । इसको रोका जाय ।

उपाध्यक्ष महोदय, कुछ गैस पीड़ित लोग अपना दावा पेश करने से वंचित रह गए थे । उनसे राज्य सरकार ने दो वर्ष पूर्व फार्म भरवाए थे, लेकिन आज तक उन फार्मों का राज्य सरकार ने क्या किया, इसका भी अता पता नहीं है । मैं केंद्रीय सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो गैस पीड़ित लोग अपना दावा पेश करने से रह गए थे, उनके लिए आप एक ऐसा कानून बनायें जिससे वे लोग आज भी अपना दावा प्रस्तुत कर सकें । ऐसी सुविधा उनको उपलब्ध कराई जानी चाहिए ।

महोदय, यहां तक उनकी चिकित्सा की बात है, सर्वप्रथम तो डाक्टर ही नहीं हैं, यदि डाक्टर उपलब्ध भी हैं तो दवाइयां नहीं हैं और दवाइयां भी हैं तो वह दवाइयां उपयोग में लाई जा रही हैं, जैसे एण्टि बायोटिक, जिन पर बाहर के देशों में प्रतिबंध है । तो ऐसी दवाइयां हिन्दुस्तान के गैस पीड़ितों को दी जा रही हैं । इस तरह क्या आप लोगों का भला करना चाहते हैं या गैस पीड़ितों को समाप्त करना चाहते हैं ? यह मेरी समझ में नहीं आ रहा ।

महोदय, आज उप एरिए की वहां स्थिति यह है कि जो गैस पीड़ित एरिया है सड़कें, टूटी हुई हैं, कोई पेड़ पौधे नहीं हैं । ऐसी स्थिति है उन कालोनियों की ।.. (**समय की घंटी**) ...

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : आप कोशिश कीजिए खतम करने की ।

श्री मूल चन्द मीणा : कोशिश करते हैं । कोशिश करते हुए तो साढे सात साल हो गए हैं ।...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : खतम करने को कह रहे हैं ।

श्री मूल चन्द मीणा : लोगों को खत्म करने की कोशिश है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : नहीं, आपकी तकरीर । लोगों को क्यों खतम करते हो आपकी तकरीर पूरा करने की कोशिश कीजिए । दो बार घंटी बज चुकी है ।

श्री मूल चन्द मीणा : सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस तरीके से गैस पीड़ितों के साथ वहां व्यवहार राज्य सरकार या केंद्र सरकार का सहयोग उन्हें हो उससे किया जा रहा है, यह अनुचित है । जब वहां लोग गैस से प्रभावित हुए थे, वहां गैस पीड़ितों के लिए उस समय यह व्यवस्था की गई थी कि इनको रोजगार दिया जाएगा, दस हजार आदमियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, इनके लिए अलग से इण्डस्ट्री निगम बनाकर इनको रोजगार दिया जाएगा । क्या हुआ आपकी उस योजना का ?

किसी को रोजगार नहीं दिया गया, बल्कि कुछ महिलायें, जो विधवा थीं या वहां पानी जो मिल रहा है वह भी दूषित मिल रहा है और दूषित पानी का उपयोग वहां के लोग कर रहे हैं, जिसका असर और ज्यादा वहां के लोगों पर पड़ रहा है । पानी के लिए नल तो वहां हैं नहीं सार्वजनिक गड्ढा खोदकर पानी लिया जाता है । उस एरिया में पर्यावरण इतना दूषित है कि वहां प्रकाश के लिए रोशनी नहीं आती, गन्दी नालियां हैं,

[श्री मूलचन्द मीणा]

गैस से पीड़ित थीं, उनको आर्थिक सुविधा देने के लिए उन्हें सिलाई मशीन का प्रशिक्षण, सिलाई की मशीन का कार्य उनको दिया गया था । अभी इस 25 जुलाई, 1992 को उसको भी बंद क या गया है । आज उन विधवाओं की यह ति हो रही है कि उन्हें अपना पेट पालन भी मुश्किल हो रहा है, उनकी आज यह स्थिति है । इसके साथ ही दस हजार रोजगार उपलब्ध कराने की बात की थी, वह भी किसी गैस पीड़ित को उपलब्ध नहीं कराए गए । वहां भूमिगत नालियों का काम भी बरसों से रुका पड़ा है । भूमिगत नालियां बन जाएं तो वहां गन्दगी में कमी हो सकती है । इसी के साथ साथ, महोदय, उस समय कुछ गैस पीड़ितों को गुमटियां मिली थी रहने के लिए, तापडियां मिली थीं छोटी छोटी, लेकिन आज जो भोपाल की सरकार है, उसने अतिक्रमण के नाम पर उन गैस पीड़ितों की गुमटियां को भी छीन लिया है ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : गलत है यह ।

श्री मूलचन्द मीणा : यह सही बात है ।

श्री संघ प्रिय गौतम : गलत बोल रहे हैं ।

श्री सुरेश पचौरी : अगर छीन लिया होगा तो वापिस कर देंगे, यह उनका तात्पर्य है ।

श्री मूलचन्द मीणा: इन्हें तो कुछ भी कहें, दर्द होता है । कोई कहता है सही बात तो कैसे दर्द होता है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : अब खत्म कीजिए मीणा जी ।

श्री मूलचन्द मीणा : जब मैंने इतनी इसकी तैयारी की है तो थोड़ा सा और बोलने दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष : नहीं, नहीं । बहुत टाइम लिया है । आपने अगर राहत जल्दी पहुंचानी है तो हमें इसे जल्दी पास करना है । तीन-चार दिन मे हम इसे खींच रहे हैं ।

श्री मूलचन्द मीणा : अभी तक तो सरकार के पास गैस पीडितों का पर्याप्त रिकार्ड ही नहीं है । यदि रिकार्ड है तो तो वह नाममात्र का है । जब इस रिकार्ड को भी पूरा नहीं कर पाए हैं, तो उनकी आर्थिक सहायता पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि उनको वह पूरी आर्थिक सहायता करा दी जाएगी ? गैस पीडितों का चिकित्सा परीक्षण भी नियमित रूप से नहीं होता है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You have to make up your mind to conclude now. I will clall another speaker now.

श्री सुरेश पचौरी : (महाराष्ट्र) : 5.00 बजे तक बोलने दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : नहीं ।

श्री मूलचन्द मीणा : मैं एक बात कहना चाहता हूं, माननीय मंत्री जी से एक बात पूछना चाहता हूं । . . . **(व्यवधान)** . . .

श्री सुरेश पचौरी : नए सदस्य हैं, मान्यवर, 5.00 बजे तक बोलने दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : मुझे मालूम है ।

श्री मूलचन्द मीणा : मैं माननीय मंत्री जी से एक बात पूछना चाहता हूं कि यूनियन कार्बाइड के कोई बोर्ड आफ डायरेक्टर उस समय कौन कौन थे, उनका नाम बताया जाए ? इसके साथ साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि गैस से प्रभावित लोगों के लिए जो राशि अब तक आपने तय की है, वह बहुत ही कम है, आप ज्यादा राशि उपलब्ध करायें और उन्हें राहत के रूप में बांटें और इसमें देरी न हो ।

मैं इतना ही कहना चाहता हूं और इस बिल का मैं समर्थन करता हूं ।

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN (Tamil Nadu): Mr. Vice Chairman, Sir, I rise to support this Amendment in the sense that it is timely and also it is long awaited foi speedy implementation of awards tc the persons who are suffering fron the Bhopal gas leak. Actually it Was

come in the shape of execution of the award about seven-and-a-half years after this disaster has occurred.

A number of people have lost their lives. Many are still suffering, but they are not at all being taken into account. Actually there is no medical record at all of the people who are suffering. There are many categories of paople who are taken as people who lare not entitled for any compensation. There are so many categories like that.

For instance, one school girl, aged about 17 years, says that often she is having chest pain, burning sensation. Actually, after examining her, the doctors gave a certificate to the effect that it was only temporary, and they gave her some medicine. But she says that it is still persisting. Such cases are also there. They should' be taken under th* purview of this Amendment. There is absolutely no provision for those persons, who are still suffering because of the afterrriath of the gas leakage. The State Government has medically examined only 57 per cent. Out of those there are 6,38,793 claimants. The rest of the people are left in the lurch. The remaining 43 per cent are considered to be free of injury. That is why I said that the people who are actually Waving no injury have to be marked out by some medical examination. Of them there has been absolutely no medical examination. Anyway their suffering is there. The suffering of such teeming people has not been taken into accout. The Minister should take note of this fact and make a provision also for those who are having this temporary but continuous suffering.

The compensation given to the next of kin of the deceased is between Rs. 2 lakhs and Rs. 4 lakhs and for those who have got partial disability the compensation fixed is between Rs. 1 lakh and Rs. 2 lakhs. In most cases there is a need for Continuance of the medical facilities because the injury eaused to them is life-long. The award that has been passed in their favour actually will Hot be enough to meet their life-long medicinal expenditure. That question has not been taken into consideration at all.

Only Rs. 25,000 have been awarded for those who have got minor injuries. In most cases it is reported that they have got long poisoning or some other lung disease. Some of the diseases are in the offing and some in the middle stage. Such cases also have not been taken into consideration. Most of the people who have got examined, they say they db not have any medical record at all. My submission is that their cases a^so should be taken into consideration and a thorough inquiry should be held in that sphere. The people who are actually in the beginning stage of these diseases, mostly lung diseases, are facing a dangerous situation and' their cases have to be considered.

The Supreme Court has told the Government of India that those victims of the leakage, numbering more than one lakh, who have been left out of the scheme, should not be neglected. Their cases should also be taken into consideration. Of course, the Minister will take into consideration thos: cases, though they do not fine!' a place in the amendment, since these lare also very important cases, these guidelines shouM be incorporated in ths amendment. I hope the hon. Minister will consider it.

As I have already said, the next of kin of the deceased in the tragedy will get Rs. 1 lakh to Rs. 3 lakhs. That is the norm that has been fixed[1]. The guidelines have been released by the local Government. While releasing the guidelines in a Press confer ence. the Minister had said so far as fixation of the amount to be disbursed is concerned, the State Government is not at all concerned. It is the concern of the Central Govern-i ment only. Of course, here I may

[Shri Tindivanam G. Venkatraman] Point out that nothing prevented the State Government from saying or adVising or giving their opinion over the mlatter where there should be the maximum compensation 5.00 P.M. with regard to various categories. They could have given their opinion. But the Minister says that it is not their concern, but whatever the Central Government gives they are obliged to give. Therefore, this category is not covered by the Supreme Court order. This must also be taken into consideration. Similarly the claims should (also be taken into consideration.

My previous speaker has mentioned about the trial. That maw also kindly be taken into consideration. I think summary trial is the best trial which can be taken into account especially by the/ courts set up for the purpose of compensation claim because it is an arduous task. Even, in small motor accident claims, it takes a long time. If you file a claim, it takes nearly 5 to 6 years to decide a case. By the time the claim is settled, We do not know whether the party concerned is alive or not. This is a matter to be investigated. That is why the summary trial will certainly help to speed up the cases. The central point to be considered is when the party concerned was actually injured and whether the injury was sustained at the time of this gas leakage. With regard to the certificate, a medical certificate can be given to this effect. The summary trial is the best suited trial for this compensation cteim. I suggest to the Minister that the summary trial procedure should be adopted in this case.

